केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उत्तराखंड में स्वास्थ्य से संबंधित परियोजनाओं का किया शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

31 मार्च, 2023 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने देहरादून में आयोजित समारोह में जोशीमठ से वर्चुअल माध्यम के जरिए उत्तराखंड के देहरादून में 500 बिस्तरों वाले अस्पताल और रुद्रप्रयाग, नैनीताल व श्रीनगर में 50 बिस्तरों वाले तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि 'प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन'(पीएम-एबीएचआईएम) के तहत चिकित्सा संबंधी बुनियादी ढाँचे के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण का कार्य लगातार प्रगति पर है तथा वैश्विक कोविड महामारी के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए भविष्य की चिकित्सा इकाइयों को मज़बूत करने के उद्देश्य से ईसीआरपी-द्वितीय (आपातकालीन कोविड प्रतिक्रिया पैकेज-II) के तहत महत्त्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।
- उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से काम करने के क्रम में पीएम- एबीएचआईएम योजना के तहत 7 और ईसीआरपी-II के तहत 7 यानी कुल 14 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों का निर्माण किया जा रहा है।
- इन पहलों के माध्यम से सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आपातकालीन देखभाल के लिये बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।
- रुद्रप्रयाग व नैनीताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण ईसीआरपी- II पैकेज के तहत किया जाएगा। वहीं, श्रीनगर में इसका निर्माण पीएम-एबीएचआईएम योजना के तहत किया जाएगा।
- भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के आपसी समन्वय से स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम जनता की पहुँच को सुनिश्चित करने के लिये श्रीनगर के पौड़ी, रुद्रप्रयाग और नैनीताल के हल्द्वानी में 3 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों के लिये कुल 71.25 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गए हैं।
- इनमें से हर एक गंभीर देखभाल ब्लॉक के निर्माण के लिये 23.75 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन गंभीर देखभाल ब्लॉकों में आईसीयू बेड, एचडीयू बेड, आइसोलेशन वार्ड बेड, आइसोलेशन रूम, इमरजेंसी बेड, ऑपरेशन थिएटर, लेबर डिलीवरी रूम, संयुक्त देखभाल प्रयोगशाला और डायलिसिस रूम जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।
- राज्य में चिकित्सा अवसंरचना को उन्नत और सुदृढ़ करने के लिये 120 करोड़ रुपए की धनराशि से दून मेडिकल कॉलेज में 500 बिस्तरों की सुविधा का विस्तार किया जाएगा। इस पहल से सुदूर क्षेत्रों से आने वाले रोगियों को राज्य की राजधानी में बेहतर उपचार की सुविधाएँ प्राप्त हो सकेंगी।
- इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने उत्तराखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र हुई प्रगति को रेखांकित करते हुए बताया कि 80,000 से अधिक लोगों के 'ई-रक्तकोष रक्तदान पोर्टल'पर पंजीकृत होने के साथ देश में उत्तराखंड के लोगों ने सबसे अधिक रक्तदान किया है।
- राज्य के लोगों को 50 लाख से अधिक एबीएचए कार्ड जारी किये गए हैं और उनमें से 7 लाख से अधिक लोगों ने इस निःशुल्क उपचार सुविधा का लाभ उठाया है।
- उत्तराखंड टीबी के खिलाफ लड़ाई में नि-क्षय मित्र पहल के तहत 100 फीसदी टीबी रोगियों को कवर करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/union-health-minister-lays-foundation-stone-of-health-projects-in-uttarakhand